तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

घर में लाखों का पटाखा किया था भंडारित, पुलिस ने मारा छापा



खबर संक्षेप

ग्रामीणों ने की पुलिस सहायता केंद्र खोले जाने की मांग

चैतमा। दस साल बाद भी पुलिस सहायता केंद्र को ना ही भवन मिला ना ही स्टॉफ। इस संबंध में पाली थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चैतमा एवं क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से पुलिस चौकी की मांग की जा रही थी जिसे ध्यान में रखते हुए 10 साल पूर्व चैतमा ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन में पुलिस सहायता केंद्र का संचालन आरंभ कराया था। चैतमा पुलिस सहायता केंद्र में कई ग्रामों को शामिल किया है जिनकी चैतमा से 50 किलोमीटर तक है। इन गांव की कानून व्यवस्था संभालने के लिए चैतमा सहायता केंद्र में पांच आरक्षक, तीन प्रधान आरक्षक तथा एक सहायक उप निरीक्षक को पदस्थ किया गया है। इसमें से दो आरक्षकों की ड्यूटी डायल 112 में पदस्थ किया गया है। जिससे चैतमा एवं आसपास के गांव में कोई घटना दुर्घटना हो जाती है तो चैतमा पुलिस को मामला सुलझाने में काफी परेशानी होती है। चैतमा के आसपास के ग्राम वासियों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पुलिस सहायता केंद्र के लिए भवन एवं स्टाफ बढ़ाने की मांग की है।

विद्युत अधिकारी-कर्मचारियों को मिले 30 हजार रुपए बोनस

कोरबा। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत



कर्मचारी जनता यूनियन ने प्रदेश के विद्युत अधिकारी-कर्मचारियों के हित में दशहरा एवं दीपावली के पूर्व कम से कम 30 हजार अथवा एक माह के वेतन के बराबर बोनस, अनुग्रह राशि प्रदान करने की मांग की है। यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने इस संबंध में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज लिमिटेड के अध्यक्ष को पत्र प्रेषित कर कर्मचारी हित में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने मांग की है कि वर्ष 2026 में कंपनी में कार्यरत सभी पात्र नियमित अधिकारी-कर्मचारियों के साथ पात्र संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी इस सुविधा का लाभ दिया जाए। प्रत्येक पात्र कर्मचारी को कम से कम एक माह के वेतन के बराबर अथवा न्यूनतम 30 हजार की बोनस, अनुग्रह राशि प्रदान की जाए। इसका भुगतान दशहरा एवं दीपावली के पूर्व किया जाए तथा किसी भी कर्मचारी वर्ग के साथ भेदभाव न हो। यूनियन ने पावर कंपनी प्रबंधन से इस विषय पर तत्काल निर्णय लेकर आवश्यक आदेश जारी करने का आग्रह किया है।

स्वच्छता कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक आज

कोरबा। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, भारत सरकार के उपाध्यक्ष श्री कैशब बिहारी की अध्यक्षता में 10 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, कोरबा में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में स्वच्छता कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

एग्रीस्टेक पंजीयन एवं खसरा अद्यतन हेतु 21 तक विशेष अभियान

कोरबा। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य 15 अक्टूबर से संभावित है। शासन के निर्देशानुसार खरीफ वर्ष 2026-27 हेतु 31 अक्टूबर तक किसान पंजीयन का कार्य सहकारी समितियों के माध्यम से किया जा रहा है। किसान पंजीयन से पूर्व किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना आवश्यक है। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन उपरांत की नवीन किसान पंजीयन की कार्यवाही की जा सकेगी। इसी प्रकार खरीफ वर्ष 2025-26 में पंजीकृत किसानों को पुनः पंजीयन कराने की आवश्यकता नही होगी।

शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक पटवारी दफ्तर के लिए नहीं मिल रही जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राजस्व कार्यों का विस्तार करते हुए जिले में चार अनुभाग संचालित है और उसके अंतर्गत कुल 12 तहसील चल रही है। जिनके पटवारी दफ्तरों के लिए जमीन नहीं मिल रही है। जबकि राजस्व विभाग के जिम्मे ही जमीनों के सीमांकन से लेकर अन्य कार्य रहते हैं। वर्तमान में शहरी क्षेत्र में पटवारी दफ्तर औद्योगिक उपक्रमों की कॉलोनी या किराये के मकान में चल रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत भवन में इनके बैठने की व्यवस्था की गई है।

जिले में कुल पटवारी हल्कों की संख्या डेढ़ सौ से अधिक हो गई है और इनके दफ्तरों को लेकर लंबे समय से संकट बना हुआ है। स्थायी दफ्तर नहीं होने की वजह से इन्हें किराये में चलाना पड़ता है। जिसकी वजह से कई बार दफ्तरों के स्थान बदलने के कारण आम पक्षकारों को चक्कर काटना पड़ता है। जब से ऑनलाइन अटेडेंस के नए निर्देश जारी किए गए हैं तब से ग्रामीण अंचल के पटवारियों को पंचायत भवन में बैठने की तैयारी गई है। वहीं शहर क्षेत्र में पटवारी दफ्तर एसईसीएल बालको और एनटीपीसी के आवासीय कॉलोनियों में चल रहे हैं। जो स्थायी होने के कारण एक ही स्थान पर चलने के कारण इन क्षेत्रों के आम पक्षकारों को सुविधाएं मिल जा रही है। वहीं शहर के ही कई ऐसे पटवारी हल्के हैं जिनके ⏭शेष पेज 3 पर

ग्रामीण अंचलों में पंचायत भवन में बैठने की व्यवस्था

खास बातें

- शहर क्षेत्र में औद्योगिक उपक्रमों की कॉलोनी व किराये के मकान में संचालित



डीएमएफ से हो रहे हैं भवन निर्माण के कार्य

जिले में डीएमएफ से नगरीय निकाय और ग्रामीण अंचलों में निर्माण कार्य किए जा रहे हैं जिनमें आंगनबाड़ी, स्कूल, सामुदायिक भवन, पीडीएस भवन, पंचायत भवन के अलावा मरम्मत कार्य भी डीएमएफ की राशि से किए जा रहे हैं। वर्तमान में डीएमएफ के वार्षिक कार्य योजना में जर्जन भवन वाले स्कूलों को नया भवन एवं नवीन आंगनबड़ी केंद्रों के भवन के लिए राशि दी गई है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण हेतु एक बड़ी राशि दी गई है। इसके साथ ही ग्रामीण अंचलों में तहसील भवन का निर्माण शिक्षक एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के लिए डीएमएफ से किया जा रहा है।

पुलिस ने सकुशल छुड़ाया, शिकायतकर्ताओं के आधार पर ग्रामीणों पर मामला दर्ज

कनकी में जांच दल को ग्रामीणों ने बनाया बंधक, हुआ हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कनकी में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब निर्माण कार्यों में गड़बड़ी की जांच करने पहुंची प्रशासनिक टीम को कुछ ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। प्रशासनिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने की खबर मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन हरकत में आया। उरगा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच टीम को सकुशल छुड़ाया और अब आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कनकी में कराए गए विभिन्न निर्माण कार्यों में अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन और कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत करतला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देश पर एक जांच दल का गठन किया गया था। इस जांच टीम में करारोपण अधिकारी देव सिंह पैकरा, दादू सिंह कंवर और उप अभियंता शामिल थे, जो शुक्रवार को शिकायतों की जमीनी पड़ताल करने ग्राम कनकी पहुंचे हुए थे। जांच प्रक्रिया के दौरान ही कुछ ग्रामीण उग्र हो गए और मौके पर ही जांच रिपोर्ट तत्काल सौंपने की मांग पर अड़ गए। अधिकारियों द्वारा नियमानुसार रिपोर्ट तैयार करने की बात कहे जाने पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। देखते ही देखते ग्रामीणों ने जांच अधिकारियों को घेर लिया, उन्हें बंधक बना लिया और जमकर हंगामा शुरू कर दिया।अधिकारियों को बंधक बनाए जाने की सूचना तुरंत जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और उरगा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही उरगा थाना प्रभारी नवीन पटेल तुरंत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने उग्र ग्रामीणों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया और बंधक बनाए गए अधिकारियों तथा जांच टीम को सकुशल उरगा थाने लेकर आए। थाना प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि जांच अधिकारियों की लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस मामला दर्ज कर रही है।



पंचायत भवन के बाहर मौजूद ग्रामीणों की भीड़।

शिकायत की जांच करने गई थी टीम

ग्राम पंचायत कनकी में वर्तमान एवं पूर्व सरपंच के विरुद्ध निर्माण कार्यों में गड़बड़ी की शिकायत सीएम हेल्प लाइन में की गई थी। वहां से मिले निर्देश के तहत दो करारोपण अधिकारी व सब इंजीनियर की टीम जांच करने गए थे जिसमें सब इंजीनियर वापस आ गए थे लेकिन दोनों करारोपण अधिकारी वहीं मौजूद थे इस दौरान उन्हें ग्रामीणों ने पंचायत भवन में बंधक बना लिया।

- **वैभव कौशिक,** सीईओ जनपद पंचायत करतला

खदान क्षेत्र में फिर हादसा, सौ टन वजनी डंपर पलटा, ऑपरेटर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की दीपका खदान में कलिंगा ठेका कंपनी के साइड पर करोड़ों रुपए कीमती वाहन के धूं-धूं कर जलने का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि जिले में स्थित एसईसीएल की कुसमुंडा खदान में आज एक बड़ा हादसा हो गया। 100 टन वजनी डंपर के पलटने से उसका ऑपरेटर घायल हो गया। उसे उपचार के लिए विभागीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। एसईसीएल की कोयला खदानों में लगातार हो रहे हादसों से कर्मचारियों में आक्रोश है। जानकारी के अनुसार कोल इंडिया की मिनी रत्न कंपनी एसईसीएल के कुसमुंडा खदान में एक बार फिर बड़ा हादसा सामने आया, जहां 100 टन का भारी भरकम डंपर अचानक पलट गया। इस घटना में डंपर ऑपरेटर लक्ष्मी को गहरी चोटें आई और वह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद खदान में काम करने वाले लोगों के बीच गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। दरअसल कुसमुंडा खदान में भारी वाहनों के संचालन के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध नहीं किए जा रहे हैं, जिसकी वजह से बार-बार घटनाएं घटित हो रही है और इसे लकर व्यवस्था पर सवाल भी खड़े हो रहे हैं। 100 टन का डंपर अचानक पलटने से मौके पर हडक्रंप मच गया। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से खदान में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ रही है।

खास बात

- बार बार हो रही घटनाओं से कर्मचारियों में आक्रोश



खदान क्षेत्र में पलटा डंपर।

जिला जेल परिसर में ही अलग से बनेगा महिला जेल, मुख्यालय भेजा गया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला जेल में हमेशा क्षमता के अनुरूप ही कैदियों की संख्या बनी रहती है। वर्तमान व्यवस्था के तहत जेल परिसर के भीतर ही महिला कैदियों के लिए अलग बैरक की व्यवस्था की गई है, लेकिन अब महिला बंदियों की सुरक्षा, प्राइवेसी और सुचारू प्रबंधन को और बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल की गई है। जेल प्रबंधन ने इसके लिए प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजा है।

जिला जेल प्रबंधन ने महिला बंदियों के लिए एक अलग जेल बनाने का प्रस्ताव तैयार कर जेल मुख्यालय को स्वीकृति हेतु पत्र भेजा है। योजना के अनुसार, अलग से कोई नई भूमि खोजने की बजाय वर्तमान जेल परिसर के भीतर ही एक स्वतंत्र महिला जेल भवन का निर्माण कराने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। यदि जेल मुख्यालय से इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिल जाती है, तो आगामी कुछ वर्षों में कोरबा को महिला बंदियों के लिए एक सर्वसुविधायुक्त और पृथक जेल परिसर मिल जाएगा। इस नई व्यवस्था के लागू होने से महिला कैदियों की सुरक्षा व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी, वहीं उनकी गोपनीयता का भी पूरी तरह से ध्यान रखा जा सकेगा। अलग जेल परिसर बनने से महिला बंदियों के लिए कल्याणकारी योजनाओं, कौशल विकास प्रशिक्षण और स्वास्थ्य सुविधाओं का संचालन पहले से कहीं अधिक सुगमता से हो सकेगा।

खास बातें

- महिला बंदियों को मिलेगी सुरक्षा और गोपनीयता
- वर्तमान जेल परिसर के अंदर ही एक स्वतंत्र महिला भवन का होगा निर्माण



फाइल फोटो

71 प्रकरणों में जब्त 398 लीटर से अधिक शराब पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में जिले में आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों में जब्त देशी एवं विदेशी मदिरा के नष्टीकरण की कार्रवाई नियमानुसार संपन्न की गई। 8 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे रक्षित केंद्र में गठित समिति की उपस्थिति में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों के कुल 71 प्रकरणों में जब्त मदिरा का विधिवत नष्टीकरण किया गया।

यह कार्रवाई कलेक्टर के द्वारा जारी आदेश के परिपालन में की गई। नष्टीकरण की प्रक्रिया से पूर्व छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया। इसके पश्चात संबंधित अधिकारियों एवं गठित समिति के सदस्यों की उपस्थिति में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए जब्त मदिरा को नष्ट किया गया। जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में जब्त मदिरा का विवरण इस प्रकार है। थाना कोतवाली के 24 प्रकरणों में 111 लीटर, थाना करतला के 4 प्रकरणों में 44.80 लीटर, चौकी मानिकपुर के 13 प्रकरणों में 72 लीटर, थाना बांगो के 2 प्रकरणों में 0.25 लीटर, थाना पसान के 7 प्रकरणों में 72.25 लीटर, थाना दर्री के 4 प्रकरणों में 19 लीटर, थाना रजगामार के 10 प्रकरणों में 35.50 लीटर, थाना दीपका के 3 प्रकरणों में 30 लीटर तथा चौकी कोरबी के 4 प्रकरणों में 14 लीटर मदिरा जब्त की गई थी। उक्त कार्रवाई के अंतर्गत कुल 71 प्रकरणों में जब्त मदिरा का नष्टीकरण किया गया। उपलब्ध विवरण के अनुसार, नष्टीकरण में 284.75 लीटर महुआ शराब, 218 पाव देशी शराब एवं 343 पाव विदेशी शराब शामिल थी। संपूर्ण कार्रवाई गठित समिति की उपस्थिति में नियमानुसार संपन्न की गई। पुलिस द्वारा विभिन्न प्रकरणों में जब्त सामग्री के नष्टीकरण की कार्रवाई निर्धारित वैधानिक प्रक्रिया के अनुरूप सुनिश्चित की गई।



शराब नष्टीकरण करते पुलिस विभाग की टीम।

एक किलोमीटर सड़क बनने से ग्रामीणों, विद्यार्थियों और मरीजों का आवागमन हुआ आसान

पीएम-जनमन से ग्राम नरबदा के दलदली पारा तक पहुंची पक्की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से कोरबा विकासखंड के ग्राम नरबदा से दलदली पारा तक लगभग एक किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का निर्माण कराया गया है। लंबे समय से सड़क की सुविधा का इंतजार कर रहे यहां के ग्रामीणों के लिए यह मार्ग रोजमर्रा के जीवन को आसान बनाने वाला महत्वपूर्ण माध्यम बना है।

सड़क बनने से पहले दलदली पारा के लोगों को बाजार और शहर आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बरसात सहित अन्य मौसमों में कच्चे और असुविधाजनक रास्ते से गुजरना मुश्किल हो जाता था। गांव के विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने के लिए भी दूर और कठिन रास्तों से होकर जाना पड़ता था। किसी के बीमार पड़ने पर एंबुलेंस को गांव तक पहुंचाने में परेशानी होती थी, जिससे मरीज और उनके परिजन चिंता में रहते थे। पक्की सड़क बनने से अब गांव तक वाहनों की आवाजाही सुगम हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, बाजार और शहर तक पहुंचना पहले की तुलना में आसान हुआ है। विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में सुविधा मिलेगी और आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस भी गांव तक पहुंच पा रही है। ग्राम निवासी पंसारी बाई ने बताया कि पहले बाजार आने-जाने में बहुत दिक्कत होती थी। बच्चों को स्कूल पहुंचने में परेशानी होती थी और जरूरत पड़ने पर एंबुलेंस का गांव तक आना भी कठिन था। अब सड़क बन जाने से आवागमन आसान हुआ है और एंबुलेंस गांव तक पहुंच जाती है। ग्रामीण बल सिंह ने बताया कि सड़क बनने के बाद गांव तक आने-जाने का सफर सुगम हो गया है। अब लोगों को रोजमर्रा के कामों के लिए पहले जैसी परेशानी नहीं उठानी पड़ती। ग्राम नरबदा से दलदली पारा तक बनी यह सड़क केवल आवागमन का मार्ग नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और दैनिक जरूरतों तक पहुंच को सहज बनाने वाली सुविधा है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण से मिली राहत के लिए शासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।



पीएम जनमन योजना से बनी सड़क।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता का दिया संदेश

कोरबा। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए रंगोली, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से आमजन को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, मानसिक समस्याओं की पहचान तथा समय पर परामर्श और उपचार लेने के प्रति जागरूक किया गया। सेमिनार को संबोधित करते हुए सीएमएचओ ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य स्वस्थ जीवन का अभिन्न अंग है। शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी आमजन तक पहुंचाने तथा मानसिक समस्याओं से जूझ रहे लोगों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने की अपील की।

खबर संक्षेप

रीलबाजों को पुलिस ने सिखाया सबक

बिलासपुर। गरबा ड्रेस में लड़कियों द्वारा पिस्टल रखकर सिगरेट का धुंआ उड़ाते, बाइक में लड़कों के साथ स्टंट करने वालों पर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर गरबा ड्रेस में लड़कियों द्वारा पिस्टल रख सिगरेट का धुंआ उड़ाने का विडियो वायरल किया गया था, गुरूवार को हिंदू संगठन द्वारा एसएसपी से शिकायत की थी। शुक्रवार को पुलिस ने भारतीय संस्कृति के विपरीत, अशोभनीय और गलत चीजों के महिमामंडन करने के आरोप में जुर्म दर्ज किया और आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने 5 लड़की व 5 लड़के को हिरासत में लिया और इस दौरान पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए बाउंडओवर जुर्माना किया है।

आर्म्स एक्ट मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। चकरभाठा के सरवानी गांव के मुख्य मार्ग में आने जाने वालों को चाकू दिखाकर धमकाने वाले आरोपी को चकरभाठा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 8 अक्टूबर को सरवानी में एक आरोपी हाथ में धारदार चाकू लेकर लोगों को डरा-धमका रहा था। सूचना मिलने पर तत्काल आरोपी को हिरासत में लिया गया और उसके कब्जे से एक चाकू जब्त कर लिया । मामले में आरोपी लक्ष्मी प्रसाद साहू पिता नारायण साहू उम्र 32 वर्ष के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है। इस प्रकार कोटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत 9 अक्टूबर को गनियारी में एक व्यक्ति द्वारा चापड़ लहराकर लोगों को धमकी दी जा रही थी, पुलिस ने टीम गठित कर गनियारी में रेड मारी और आरोपी सूरज वर्मा उर्फ घोड़ा पिता स्व मित्र कुमार वर्मा उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान आरोपी के कब्जे से चापड़ जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

पुलिस और राजस्व विभाग पर गाड़ियां पकड़ने का आरोप

कुम्हारों ने मांगी लिखित आदेश की कॉपी ताकि दिखा सकें

कुम्हारों ने खनिज विभाग घेरा, बोले छूट भी है और गाड़ियां भी पकड़ रहे

बिलासपुर। पारंपरिक तरीके से ईंट का निर्माण करने वाले स्थानीय कुम्हारों पर खनिज, पुलिस एवं राजस्व विभाग की धरपकड़ कर चालानी कार्रवाई के विरोध स्वरूप कुम्हारों ने बड़ी संख्या में खनिज विभाग का घेराव किया। उनकी मांग थी कि शासन के निर्देशानुसार कुम्हार समाज को परम्परागत संसाधनों से ईट निर्माण व परिवहन कार्य में खनिज नियमों एवं रॉयल्टी में छूट प्रदान की जावे।

कुम्हार समाज के लोगों ने शुक्रवार को बड़ी संख्या में खनिज विभाग का घेराव कर दिया। इस दौरान करीब तीस से चालीस की संख्या में खनिज विभाग पहुंचे कुम्हारों ने कहा कि जिले के लगभग प्रत्येक ग्राम, तहसील व कस्बा में कुम्हार समाज अपने पूर्वजों के समय से निवासरत हैं। कुम्हार समाज का पूरा परिवार पूर्व से ही मिटटी के बर्तन, दिया व परम्परागत तरीके व संसाधनों से ईंट का निर्माण करता चला आ रहा है ताकि परम्परागत व्यवसाय से वे अपना व अपने परिवार का जीवकोपार्जन कर सके।



खनिज विभाग का घेराव कराते कुम्हार।

कुम्हारों का कहना है कि वे आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण खनिज विभाग व स्थानीय प्रशासन को रॉयल्टी व जुर्माना शुल्क देने में असमर्थ हैं। उप संचालक खनिज के चेंबर में बड़ी संख्या में पहुंचे कुम्हारों ने समाज के पारम्परिक ईंट निर्माताओं को खनिज विभाग की कार्यवाही व रॉयल्टी से छूट प्रदान करते हुए स्थानीय स्तर पर मिट्टी निकालने, ईंट निर्मित करने व पकाने एवं परिवहन की अनुमति में भी छूट प्रदान करने की छूट मांगी है ताकि वे अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें।

मानसिक रूप से किया जा रहा परेशान

कुम्हारों का कहना है कि उनका समाज पूर्णतः स्वयं की निजी भूमि, लीज, या फिर शासकीय भूमि से मिट्टी निकालकर, पारम्परिक संसाधनों से ईट का निर्माण करते आ रहे हैं। इस दौरान वे पारम्परिक भट्ठी व हाथ भट्ठी से ईंट निर्माण करते हैं, लेकिन खनिज विभाग व स्थानीय प्रशासन द्वारा परम्परागत तरीके से ईंट निर्माण करने वाले कुम्हारों पर भी अन्य ईंट भट्ठा मालिको की भांति खनिज नियमों, रॉयल्टी व परिवहन पास की अनिवार्यता लागू की जा रही है। ऐसे में कुम्हार समाज को मानसिक व आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। जबकि छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 03 के अनुसार परम्परागत कुम्हारो को मिट्टी निकालकर ईंट व बर्तन के निर्माण हेतु अनुमति प्रदान की गई है।

पुलिस से शिकायत है

कुम्हार समाज के लोग अपनी समस्या लेकर आए थे, लेकिन उनकी समस्या खनिज विभाग को लेकर नहीं थी। उनकी शिकायत राजस्व एवं पुलिस विभाग से थी। उनका कहना था कि उनकी गाड़ियां पकड़कर जुर्माना लगाया जा रहा है। स्थानीय कुम्हारों को तो वैसे भी जीविकोपार्जन के लिए ईंट व पारंपरिक कार्य करने की छूट मिली हुई है। वे अपना काम करते रहें।

-किशोर कुमार गोलघाटे,
उपसंचालक खनिज विभाग

14 तक थमे रहेंगे इतवारी, टाटा दूरंतो सहित 12 ट्रेनों के पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर होकर चलने वाली इतवारी-टाटा एक्सप्रेस, दूरंतो सहित करीब एक दर्जन से अधिक ट्रेनों के पहिए को 14 अक्टूबर तक रोकने का नोटिफिकेशन जारी किया गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 13 अक्टूबर तक दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर रेल मंडल के बंडामुंडा केबिन ए से राउरकेला सेक्शन के बीच पांचवीं लाइन कमीशनिंग का कार्य शुरु हो रहा है।

इस कार्य के लिए नॉन इंटरलाकिंग कार्य अलग-अलग चरणों में करने के कारण दूसरे जोन के साथ बिलासपुर, रायपुर और नागपुर की ट्रेनों को भी रद्द करने का आर्डर दिया गया है। इसमें बिलासपुर होकर चलने वाली ट्रेनों में 11, 12 व 13 अक्टूबर को 18109/18110 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से टाटानगर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस, 11, 12 व 13 अक्टूबर को 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस, 12, 13 व 14 अक्टूबर को 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस, 12 अक्टूबर को नांदेड़ से रवाना होने वाली 12767 नांदेड़-सांतरागाछी एक्सप्रेस, 14 अक्टूबर को सांतरागाछी से रवाना होने वाली 12768 सांतरागाछी-नांदेड़ एक्सप्रेस, 13 अक्टूबर को हटिया से रवाना होने वाली 18641 हटिया-दुर्ग एक्सप्रेस, 14 अक्टूबर को दुर्ग से रवाना होने वाली 18642 दुर्ग-हटिया एक्सप्रेस, 9 अक्टूबर को बिलासपुर से रवाना होने वाली 22843 बिलासपुर-बक्सर एक्सप्रेस, 10 अक्टूबर को बक्सर से रवाना होने वाली 22844 बक्सर-बिलासपुर एक्सप्रेस, 10 अक्टूबर को हटिया से रवाना होने वाली 12812 हटिया-एलटीटी एक्सप्रेस, 12 अक्टूबर को एलटीटी से रवाना होनें वाली 12811 एलटीटी-हटिया एक्सप्रेस, 13 अक्टूबर को हावड़ा से रवाना होने वाली 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दूरंतो एक्सप्रेस, 14 अक्टूबर को सीएसएमटी से रवाना होने वाली 12261 सीएसएमटी-हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस शामिल है। वहीं 12 अक्टूबर को पुरी से चलने वाली 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग व्हाया कटक, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, ईब के रास्ते योगनगरी ऋषिकेश रवाना की जाएगी।

सारनाथ के साथ अब नौतनवा भी रोकी जाएगी मैहर में 11 से

सारनाथ एक्सप्रेस के साथ अब नवरात्रि के अवसर पर नौतनवा एक्सप्रेस का स्टापेज भी पांच मिनट के लिए मैहर में दिया जाएगा, जो 11 से 22 अक्टूबर तक श्रद्धालुओं को मैहर स्टेशन में उतरने की सुविधा देगी। डोंगरगढ़ के बाद रेल प्रशासन ने अब मैहर मां शारदा मंदिर में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक ट्रेन का स्टापेज देने का आदेश दिया है। अब तक केवल दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस का मैहर में स्टापेज था, जिसके कारण यात्रियों की ट्रेन में काफी भीड़ रहती थी। नवरात्रि पर्व के 9 दिन डोंगरगढ़ के अलावा मां शारदा मंदिर मैहर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी काफी अधिक रहती है। इन दोनों तीर्थ स्थल के लिए यात्री पहले से बुकिंग कर लेते हैं, लेकिन अचानक प्लान बनाने वाले लोगों को कंफर्म टिकिट नहीं मिलने के कारण काफी परेशानी उठानी पड़ती है। रेल प्रशासन ने नवरात्रि के अवसर पर 11 से 22 अक्टूबर तक पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के मैहर स्टेशन में दुर्ग से नौतनवा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस का पांच मिनट के लिए स्टापेज देने का निर्णय लिया है। 9 दिन की अवधि में 18202 नौतनवा से दुर्ग आने वाली एक्सप्रेस मैहर स्टेशन में देर रात 1 बजकर 55 मिनट से 2 बजे तक और 18201 दुर्ग से उसलापुर आकर नौतनवा जाने वाली एक्सप्रेस मैहर स्टेशन में सुबह 5.35 बजे से 5.40 बजे तक रोकी जाएगी।



अवैध निर्माण से इमलीपारा में बने काम्प्लेक्स को खतरा

निगम की जमीन पर अतिक्रमण कर बोरिंग और खोदाई, नोटिस जारी

बिलासपुर। इमलीपारा में बन रहे एक नए काम्प्लेक्स ने निगम कीं दुकानों के बेसमेंट के लिए खतरा पैदा कर दिया है।इस माधव पटेल के निर्माणकर्ता ने अपनी दुकानों के लिए निगम से नक्शा तो पास कराया है लेकिन उसके विरुध्द निर्माण किया जा रहा है।



निगम ने मामले में उसे नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि निगम की भूमि पर अतिक्रमण कर बोरिंग की जा रही है तो सड़क को खोद दिया गया है।निगम ने तत्काल काम रोकने के साथ ही दस्तावेजों के साथ निर्माणकर्ता को निगम में पेश होने कहा है। दरअसल इमलीपारा में निगम ने 80 फिट चौड़ी सड़क बनाई है। दोनों तरफ नालियों के साथ ही 40-40 फिट की सड़क की चौड़ाई है।इस खसरा नंबर 428 के भाग में निगम की कुल 28 दुकानें बनीं हैं। इसी के पीछे निगम की और भी जमीन है। इसके साथ माधव पटेल की निजी भूमि है। उसकी यहां पहले कुछ दुकानें बनीं हुईं थीं। इन्हें तोड़कर वह यहां एक काम्प्लेक्स बनवा रहा है। इसके लिए उसने निगम से नक्शा पास करवाया है। इसके बाद लेकिन निगम की नोटिस के मुताबिक वह नक्शे के विरुध्द निर्माण कर रहा है। दुकान बनाने के लिए जो खुदाई की जा रही है वह निगम की जमीन पर से हो रही है। इसके साथ ही निगम द्वारा बनाई गई सड़क को भी खोद दिया गया है। यहां 11 फिट चौड़ा और 50 फिट लंबी सड़क की खोदाई कर पूरी सड़क को तोड़ दिया गया है। इसके साथ ही निगम की जमीन पर बोरिंग भी कर दी गई है।निगम अधिकारियों ने बताया कि इमलीपारा में जो निगम ने नया काम्प्लेक्स बनवाया है उसके बेसमेंट को भी इस खोदाई से खतरा हो गया है।

स्कूटी की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, चालक फरार

बिलासपुर। नूतन चौक में शुक्रवार दोपहर सड़क हादसे में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। ऑटो से उतरने के दौरान तेज रफ्तार स्कूटी ने बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों की मदद से बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक के परिवार में शोक का माहौल है। सरकंडा पुलिस के अनुसार सरकंडा स्थित अटल आवास निवासी धांधू कुर्मी 65 वर्ष शुक्रवार को किसी काम से ऑटो में सवार होकर जा रहे थे। दोपहर करीब 2:30 बजे नूतन चौक के पास ऑटो से उतर रहे थे, इस दौरान एक तेज रफ्तार स्कूटी में सवार युवक और युवती सवार ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल बुजुर्ग को उपचार के लिए सिम्स अस्पताल पहुंचाया। डाक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को के लिए मरच्यूरी में रखवा दिया गया। पुलिस के अनुसार फिलहाल पीएम नहीं कराया जा सका है, लेकिन अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे की जांच की जा रही है।



बंधाई तालाब के पास अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

चाम्पा। नगर के मिशन फाटक के समीप शुक्रवार 9 अक्टूबर की सुबह बंधाई तालाब के पास एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फ़ैल गयी। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस मृतक की शिनाख्त कर घटना के कारणों का पता लगाने में जुट गयी हैं। मिली जानकारी के अनुसार मिशन फाटक के समीप स्थित बंधाई तालाब के पास रहने वालों ने शुक्रवार 8 अक्टूबर को सुबह तालाब के पास एक युवक का शव देखे जाने सूचना पुलिस थाने में दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक की शिनाख्त करने सहित घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी हैं।

रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर कार्रवाई, आधा दर्जन से अधिक वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन मामले में आठ वाहनों को जब्त किया गया है। उक्त कार्रवाई खान एवं खनिज अधिनियम के तहत राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की गई है, जिसके चलते खनिज माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोकथाम के लिए राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में औचक जांच कर लगातार कार्रवाई गई है। खनिज अधिकारी ने बताया कि जांच के ग्राम नवापारा (केवा) में खनिज रेत के अवैध उत्खनन में 1 जेसीबी एक्सकैवेटर मशीन को संलिप्त पाया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए जब्त कर कलेक्टोरेट परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। इसके साथ ही ग्राम महुदा, पिपरदा, पुछेली, पीथमपुर, हाथनेवरा, चांपा, नवागढ़ क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जांच मे ग्राम पीथमपुर से 7 ट्रेक्टर को हसदेव नदी क्षेत्र से खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर में खनिज नियम के तहत कार्रवाई करते हुए जब्त किया गया है। जब्त वाहनों को पुलिस थाना चांपा, नवागढ़ तथा कलेक्टोरेट परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया। दर्ज प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23 (ख) तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के नियम 71 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री महोबे ने जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं।



क्रशर मिल से चोरी, दो आरोपी जेल भेजे गए

बिलासपुर। क्रशर मिल से लोहे के उपकरण चोरी करने वाले चोरों को पकड़ने में कोटा पुलिस ने सफलता पाई है। आरोपियों को पुलिस ने जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस के अनुसार गोयल क्रशर उद्योग के संचालक राजकुमार पिता मुरारी लाल गोयल ने 11 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बीती रात बाकीघाट कोटा में स्थित गोयल क्रशर उद्योग में अज्ञात चोरों ने जैपलेट, रोलर, क्रशर का साप्ट,जाली का साप्ट,जाली, टाइगर प्लेट, जाली कवरिंग, साइट प्लेट व अन्य उपकरणों की चोरी कर ली है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की इस दौरान 3 आरोपियों को पकड़ा लिया गया लेकिन 2 आरोपी फरार थे। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने 9 अक्टूबर को फरार आरोपी संजू शिकारी पिता भरत लाल उम्र 20 वर्ष और झोल्टू उर्फ राहुल शिकारी पिता तुलसी राम शिकारी उम्र 23 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है।

बरगवां में 40 लीटर महुआ शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

अकलतरा। अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अकलतरा पुलिस ने ग्राम बरगवां में एक मकान से 40 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब जब्त की है। मामले में पुलिस ने भोला भारद्वाज (30 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार, 9 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बरगवां निवासी भोला भारद्वाज अपने घर में अवैध रूप से महुआ शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर तलाशी ली। इस दौरान पांच पीले प्लास्टिक पैकेटों में रखे 200 पाउच बरामद हुए। प्रत्येक पाउच में 200 मिलीलीटर शराब थी। जब्त शराब की कुल मात्रा 40 लीटर तथा अनुमानित कीमत 10 हजार रुपये बताई गई है।आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई एसडीओपी अकलतरा डॉ.


मेखलेन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक जय कुमार साहू के नेतृत्व में की गई।पुलिस ने बताया कि इससे पहले भी अकलतरा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 एवं 13 में अवैध अंग्रेजी-देशी शराब, व्हिस्की और बीयर के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए क्रमशः 184 लीटर एवं 104 लीटर शराब जब्त की जा चुकी है। अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

कमर्शियल सिलेंडर का खौफ

हितग्राही कराने लगे केवायसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एलपीजी कंपनियों ने बगैर केवायसी वाले ग्राहकों को 14 किलोग्राम वाले सब्सिडी युक्त एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग व डिलीवरी बंद कर दी है। ऐसे में कमर्शियल सिलेंडर का खौफ अपना काम करने लगा है। लिहाजा बड़ी संख्या में ग्राहक केवायसी के लिए अपनी गैस एजेंसियों में संपर्क करने लगे हैं।

एलपीजी के ऐसे उपभोक्ता जिन्होंने अब तक अपना केवायसी नहीं कराया है, उनके लिए बगैर सब्सिडी वाले 5 व 10 किलोग्राम वाले कमिर्शिलय सिलेंडर पाने का विकल्प तो खुला है, लेकिन सब्सिडी युक्त 14 किलोग्राम वाले सिलेंडरों के लिए फिलहाल रास्ते बंद कर दिए गए हैं। पिछले डेढ़ साल से केवायसी के लिए तारीख पर तारीख बढ़ाने के बाद आखिरकार एलपीजी कंपनियों ने कड़ा रूख अपनाया और बगैर केवायसी वाले ग्राहकों के लिए बुकिंग की व्यवस्था ही समाप्त कर दी है। ऐसे ग्राहकों के सामने अब केवल एक ही विकल्प है कि वे अपना चूल्हा जलाने बाजार में उपलब्ध पांच व दस किलोग्राम के कमर्शियल सिलेंडर इस्तेमाल कर सकते हैं। आईओसीएल के अनुसार इस कड़ाई के बाद ग्राहकों में केवायसी को लेकर खासी जागरूकता आई है। सारी कंपनियों को मिलाकर डेढ़ से दो सौ आवेदन रोज ही आ रहे हैं।

जागरुक हो रहे लोग

बगैर केवायसी के बुकिंग व डिलीवरी प्रतिबंधित होने एवं ऐसे ग्राहकों के लिए कमर्शियल सिलेंडर ही एकमात्र विकल्प सामने होने के कारण अब वे केवायसी के लिए जागरूक होने लगे हैं। बड़ी संख्या में केवायसी के लिए आवेदन प्राप्त होने लगे हैं।

-हेमप्रकाश साहू, नोडल अधिकारी आईओसीएल

छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों से भी जुड़े है तार

कमीशन के लालच में दे दिया बैंक खाता, साइबर ठगो ने करोड़ों का किया ट्रांजेक्शन, आठ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज : जांजगीर-चांपा

साइबर ठगी की रकम खपाने के लिए किराए पर बैंक खाता देने वाले गिरोह का जांजगीर-चांपा पुलिस ने पर्दाफाश किया है। साइबर थाना टीम ने कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि पकड़े गए आरोपियों ने कमीशन के लालच में अपना बैंक खाता सौंप दिया था,जिसमें एक ही दिन में करोड़ों के ट्रांजैक्शन हुए हैं। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

इस संबंध में साइबर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी कलेशराम देवांगन उर्फ छोटू, श्यामलाल देवांगन उर्फ राजू निवासी भाठापारा सिवनी चांपा, लक्ष्मीनारायण पटेल निवासी कुम्हारी बलौदाबाजार, वेमेश आदित्य, ज्योति बाई यादव, अनिल राठौर, इश्तेखार अहमद निवासी जांजगीर और सुरेश गढ़ेवाल निवासी पाली नैला को कमीशन के लालच में खाता देने और करोड़ों का ट्रांजेक्शन होने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ग्रामीण बैंक, एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंडियन बैंक में खाता खुलवाकर नया सिम लेकर साइबर ठगों को देते थे। बदले में उन्हें 10 हजार से 1 लाख रुपए तक कमीशन मिलता था। इन म्यूल खातों में एक दिन में करोड़ों का ट्रांजेक्शन हुआ है। जांच में खुलासा हुआ है कि इन खातों में कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, गुजरात, तेलंगाना, असम, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों से ठगी की रकम आई थी। कुछ खातों में 14 से 15 बार शिकायत दर्ज है। लेयर-1 में सीधे ठगी की रकम इनके खातों में आई थी। पुलिस ने आरोपियों से पासबुक जब्त की है और खातों में लाखों रुपए होल्ड कराकर संबंधित राज्यों को सूचना भेज दी है। थाना साइबर में अपराध क्रमांक 20/2026 धारा 61(2), 317(4), 317(5), 318(4), 323 बीएनएस और 66 डी आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।


साइबर पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

बड़े मगरमच्छ नहीं आए साइबर टीम की पकड़ में

म्यूल अकाउंट से साइबर ठगी और करोड़ों के ट्रांजैक्शन मामले में जिले की साइबर पुलिस टीम ने स्थानीय 8 लोगो को पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक साइबर ठगो के कहने पर इन्होंने बैंकों में अपने खाते खुलवाए और उन्हें अकाउंट नंबर दे दिया, जिसमें एक ही दिन में करोड़ों रुपए के ट्रांजैक्शन हुए। खाता धारकों ने रुपए निकलवाए और अपना कमीशन काटकर संबंधितों को रुपए भी लौटा दिए। इस मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध करके जांजगीर एवं आसपास गांव के आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, अब महत्वपूर्ण बात यह है कि खाताधारक स्थानीय लोगों को तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, लेकिन जिनके कहने पर यह खाता खुला था और जिनके द्वारा या ट्रांजैक्शन कराया गया, उन मुख्य सरगना तक पुलिस अभी तक नहीं पहुंच पाई है। इसको लेकर साइबर टीम की सक्रियता और कार्यशैली पर सवाल भी उठने लगे हैं। हालांकि इस मामले में साइबर थाना प्रभारी भास्कर शर्मा का कहना है कि जांच जारी है। पकड़े गए आरोपियों के माध्यम से आगे सरगना को भी पकड़ेंगे।

क्या होता है म्यूल खाता

किराए या कमीशन के लालच में खुलवाया गया ऐसा खाता जिसमें अवैध धन लिया जाता है, जांच होने पर खाताधारक ही आरोपी बनता है। पुलिस की अपील - अपना बैंक खाता और मोबाइल नंबर किसी दूसरे को न दें। यदि उस खाते से कोई अपराध होता है तो पहली जिम्मेदारी खाताधारक की होगी।

खबर संक्षेप



डांस प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्नों ने बिखेरा जलवा

कोरबा। अग्रसेन जयंती के पूर्व अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। बच्चों ने आकर्षक वेशभूषा में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। उनकी शानदार अदाकारी, उत्साह और मनमोहक नृत्य ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। प्रतियोगिता को दो आयु वर्गों में आयोजित किया गया। 0 से 7 वर्ष आयु वर्ग में मन्नत कंसल ने प्रथम तथा शिवाय अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 8 से 15 वर्ष आयु वर्ग में कु. आकृति अग्रवाल प्रथम एवं कु. टिया अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और कला का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति उनमें उत्साह बढ़ाना रहा। अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं महिला मंडल के इस आयोजन ने अग्रसेन जयंती के उल्लास को और भी बढ़ा दिया। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया और कार्यक्रम यादगार बन गया।

सामुदायिक भवन निर्माण की मांग को लेकर अखबार वितरक संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



कोरबा। कटघोरा छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के कोरबा जिला इकाई कटघोरा के अखबार वितरण करने वाले पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा विधानसभा कटघोरा क्षेत्र क्रमांक 22 विधायक प्रेमचंद पटेल के निजी निवास पहुंच कर सभी कटघोरा कोरबा एवं बांकीमोंगरा के प्रतिनिधियों द्वारा विधायक प्रेमचंद पटेल का साल श्रीफ़ल एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया और अपनी समस्या से अवगत कराया गया और कटघोरा इकाई में सामुदायिक भवन का मांग किया। जिसमें कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल द्वारा बताया गया कि रोज सुबह उठकर प्रतिदिन अखबार पहुंचाना साहनी कार्य है और हमारे द्वारा अखबार वितरकों के हितों के लिए हमेशा सहयोग करूंगा हर समस्या का समाधान करेंगे। छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के पदाधिकारी द्वारा कटघोरा इकाई अध्यक्ष बबलू यादव के अच्छे कार्य को देखते हुए संघ द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कामना किया। संघ द्वारा उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यों जिसमें प्रदेश अध्यक्ष पदम सिंह चंदेल, जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, जिला सचिव जय कुमार नेताम, हरदीबाजार इकाई अध्यक्ष महेंद्र राठौर, कटघोरा इकाई अध्यक्ष कन्हैया यादव, विजय दास, विशेषर प्रसाद साहू, रौशन दास, गौरव गुप्ता, मनमोहन यादव, विनय डिक्सेना, प्रिंस यादव, राज कुमार पटेल, दुर्गा, शैलेन्द्र कुमार, बॉबी गुप्ता, प्रदीप यादव, अरविंद साहू शत्रुहन पटेल, उपस्थित थे।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं



कोरबा। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में कोरबा मेडिकल कॉलेज में आयोजित विभिन्न जागरूकता एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक, रंगोली प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन से उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिताओं में भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक में प्रथम स्थान, जबकि रंगोली प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

पृष्ठ 1 का शेष

शहर से लेकर ...

पटवारी दफ्तर हाउसिंग बोर्ड या अन्य आवासीय कॉलोनियों में संचालित हो रहे हैं। इनका किराया भी पटवारी को स्वयं निवर्हन करना पड़ता है। जबकि अन्य विभागीय दफ्तरों के भवन निर्माण के लिए यही राजस्व अमला उनके लिए जमीन चिन्हांकित करके देता है और अपने ही दफ्तर के लिए भटकता फिर रहा है।

अग्रवाल सभा कटघोरा कल मनाएगी महाराजा अग्रसेन जयंती

बैंड-बाजे और आतिशबाजी के साथ निकलेगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



राजकुमार अग्रवाल

अग्रवाल सभा कटघोरा द्वारा अग्रवाल समाज के आराध्य एवं समाजवाद, समानता और परोपकार के प्रतीक महाराजा श्री अग्रसेन की जयंती इस वर्ष 11 अक्टूबर को श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाई जाएगी। जयंती समारोह को लेकर अग्रवाल समाज में खासा उत्साह है। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय सहभागिता रहेगी।

जयंती समारोह के मुख्य अतिथि डॉ राजकुमार अग्रवाल वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित समाज सेवी कोरबा होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि गौरव अग्रवाल युवा उद्योगपति एवं समाज सेवी बिल्हा बिलासपुर एवं ललित अग्रवाल प्रतिष्ठित उद्योगपति एव धर्मवीर रतनपुर होंगे। बिलासपुर एव कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल करेंगे। समाज के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित अतिथियों के आगमन को लेकर अग्रवाल समाज में हर्ष का माहौल है। समारोह में उपस्थित समाजजनों को अतिथियों के अनुभवों एवं विचारों से नई और उपयोगी जानकारियां प्राप्त होंगी। अग्रवाल सभा द्वारा जयंती समारोह की शुरुआत 11 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ की जाएगी। शोभायात्रा चंद्रभान शंकर लाल अग्रवाल भारत शेलेक फैक्ट्री, कारखाना एरिया स्थित निवास से प्रारंभ होगी। शोभायात्रा में बैंड-बाजे, आतिशबाजी एवं समाज के सभी वर्गों की उत्साहपूर्ण सहभागिता आकर्षण का केंद्र रहेगी। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए शहीद वीरनारायण चौक पहुंचेगी, जहां से वापस अग्रसेन भवन के लिए रवाना होगी। इसके पश्चात शोभायात्रा अग्रसेन भवन पहुंचकर समारोह के रूप में परिणित होगी। शोभायात्रा के पश्चात अग्रसेन भवन में आयोजित मुख्य समारोह में मंचस्थ अतिथियों एवं समाज के प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में महाराजा श्री अग्रसेन की विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। इस दौरान समाज की एकता, सेवा, संस्कार एवं सामाजिक सहभागिता के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया जाएगा। जयंती समारोह के अवसर पर अग्रवाल समाज की महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को मंचस्थ अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिताओं के माध्यम से समाज के बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला है। विजेताओं का सम्मान समारोह का विशेष आकर्षण रहेगा।

अग्रसेन आनंद मेला एवं पुरस्कार वितरण समारोह आज, कल निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अग्रवाल सभा कोरबा द्वारा समाज के आराध्य एवं अग्रवाल समाज के संस्थापक महाराजा अग्रसेन की जयंती इस वर्ष भव्यता, उत्साह और सामाजिक एकता के साथ मनाई जाएगी। दो दिवसीय आयोजन के अंतर्गत 10 अक्टूबर को श्री अग्रसेन आनंद मेला एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। वहीं 11 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर शोभायात्रा, पूजा-अर्चना, आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अग्रवाल सभा द्वारा 10 अक्टूबर को श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय परिसर में श्री अग्रसेन आनंद मेला एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। मेले में चौपाटी, गेम जोन सहित विभिन्न आकर्षक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जहां समाज के लोग परिवार सहित पहुंचकर मेले का आनंद उठा सकेंगे। इस अवसर पर अग्रवाल महिला मंडल एवं श्री अग्रसेन नवयुवक मंच द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया है। पुरस्कार वितरण समारोह के माध्यम से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया जाएगा तथा समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। अग्रवाल सभा के सचिव शिव कुमार अग्रवाल ने समाज के सभी अग्रबंधुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में श्री अग्रसेन आनंद मेले में पहुंचें और इस आयोजन का हिस्सा बनकर मेले का आनंद उठाएं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज के लोगों को आपस में जोड़ने, पारिवारिक मेल-मिलाप बढ़ाने और सामाजिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। महाराजा अग्रसेन जयंती के मुख्य समारोह के अंतर्गत 11 अक्टूबर को शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा दोपहर 3 बजे मदनलाल अग्रवाल, गोयल स्टेशनरी टीपीनगर कोरबा से महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ होगी। शोभायात्रा में विभिन्न आकर्षक झांकियां शामिल होंगी, जो महाराजा अग्रसेन के आदर्शों, सामाजिक समरसता और सेवा भावना का संदेश देंगी। शोभायात्रा टीपीनगर से प्रारंभ होकर पावर हाउस रोड, सुनालिया चौक तथा मुरारका पेट्रोल पंप होते हुए दर्री रोड से श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय परिसर पहुंचेगी। यहां शोभायात्रा का समापन सभा एवं जयंती समारोह के रूप में होगा।

बुधवारी बाजार चैतमा में एनएसएस स्वयंसेवकों ने चलाया मेगा प्लास्टिक मुक्त अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय (सेजस) चैतमा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत साप्ताहिक बुधवारी बाजार क्षेत्र में मेगा प्लास्टिक मुक्त अभियान का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान में सेजस चैतमा के पचास से भी अधिक उत्साही एनएसएस स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए बाजार परिसर को प्लास्टिक कचरे से मुक्त कराया और आमजनों को स्वच्छता का संदेश दिया। साप्ताहिक बुधवारी बाजार में व्यवसायियों और खरीदारों द्वारा छोड़े गए प्लास्टिक कैरी बैग, पन्नियों और जगह-जगह लगे कचरे के ढेरों से पर्यावरण तथा जनस्वास्थ्य को नुकसान पहुंच रहा था। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए एनएसएस स्वयंसेवकों ने बाजार क्षेत्र के कोने-कोने से सिंगल-यूज प्लास्टिक, पन्नियां और अन्य अजैविक कचरा एकत्र कर उसका सुरक्षित निपटान सुनिश्चित किया। स्वयंसेवकों ने हाथ में स्वच्छता के नारे लिखे बैनर-पोस्टर लेकर बाजार में आए ग्रामीणों व व्यापारियों को प्लास्टिक के इस्तेमाल से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक भी किया। इस अवसर पर प्राचार्या व संरक्षक श्रीमती चंद्राणी सोम, कार्यक्रम अधिकारी तथा ईको क्लब प्रभारी वीरेंद्र कुमार बंजारे, सी नेताम, विजेता चतुर्वेदी, पुष्पा कंवर, संजीव जायसवाल, श्री महिपाल, नबी उल्ला सिद्दिकी, चंद्रमुखी साहू, सुरेखा, पायल, अनुष्का, विजय, तुषार, योगेश, दीपक, आयुष, अंकिता, भूमिका, विद्या, चंचल,वाशुदेव उपस्थित रहे।

प्रयागराज में वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में दो युवाओं का हुआ सम्मान



कोरबा। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 2 से 8 अक्टूबर तक ऑल इंडिया वाईल्डलाईफ रेस्क्यू ग्रुप ट्रस्ट द्वारा वन्यजीव संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से पर्यावरण मित्रों और वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाले सदस्यों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जिले के वन्यजीव रेस्क्यू कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले उमेश यादव को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यों, बेजुबान जीवों के प्रति प्रेम, समर्पण और संरक्षण के प्रति जागरूकता को देखते हुए जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। अतुल सोनी को वन्यजीवों के प्रति सेवा भावना और उनके संरक्षण में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

सतनामी कल्याण समिति ने पारिवारिक मिलन समारोह का किया आयोजन

कोरबा। सतनाम प्रांगण कुसमुण्डा में पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कोरबा सतनामी कल्याण समिति के अध्यक्ष नारायण लाल कुर्रे, सिस्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपी खांडे, सचिव आरडी भारद्वाज, उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता पाटले, प्राचार्य जीपी जाटवार, प्राचार्य जीपी कुर्रे, जीडी आर खुंटे, अजय कुमार मेहर, रोहित कुमार जाम्बुलकर, केपी पाटले, भुनेश्वर दिव्य, एचआर ओगरे मंचस्थ थे। सभी अतिथियों द्वारा पूजा पाठ एवं दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, सतनामी कल्याण समिति कुसमुण्डा के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार लहरे द्वारा स्वागत भाषण दिया गया कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, मोनिका रानी म्यूजिकल आर्केस्ट्रा ग्रुप द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों द्वारा एकल गीत प्रस्तुत किया गया एवं कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव तुलाराम कठौतिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर मालिक राम, प्रेमपाल सांडे, कुरुराम, हकेश भारती, सोहन भारद्वाज, सुखदेव जोल्हे, डेनी चेलक, कौशल जांगड़े, सुखदेव सांडे, प्रमेश्वर मीरी, अशोक माथुर, रमेश निराला, सीताराम पाटले, छोटेलाल, सरोज टंडन, कोमल खरे, ललित दिवाकर, भरत अजय, दरस वारे, गौतम ऋषि सहित अन्य उपस्थित रहे।

लायंस क्लब ऑफ कोरबा ने आयोजित किया सेवा सप्ताह कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



खाद्य सामग्री बांटते लायंस क्लब के सदस्य।

लायंस क्लब ऑफ कोरबा द्वारा सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। सेवा सप्ताह की शुरूआत 2 अक्टूबर को गांधी चौक में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के प्रतीमा में माल्यार्पण के साथ किया गया। इस कड़ी में गुरूवार लायंस स्कूल टी.पी. नगर के ऑडिटोरियम में यातायात सुरक्षा की जानकारी एवं सेवा सप्ताह समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एडिशनल एस पी नितीश ठाकुर एवं डीएसपी ज्योत्सना चौधरी के द्वारा कार्यक्रम को सुचारू रूप से करने की दिशा निर्देश दिया गया।

कार्यक्रम में प्रशिक्षक मनोज राठौर एवं उनकी टीम द्वारा यातायात संबंधी जानकारी बच्चों को दी गई। इस दौरान लायंस क्लब अध्यक्ष लायन रविशंकर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा यातायात से संबधित जानकारी एवं उनके नियमों को एक एक कर बच्चों को बताया व सभी को उसके नियमों का पूर्ण रुप से पालन करने के लिए कहा एवं पूरे सप्ताह भर के सेवा कार्यक्रम के लिए क्लब सदस्यों को सराहा। कार्यक्रम के संचालन एवं व्यवस्थाओं में लायंस स्कूल टी.पी. नगर के चेयरमेन लायन राजकुमार अग्रवाल (उत्सव) का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर पीएमजेएफ जयप्रकाश अग्रवाल, क्लब अध्यक्ष रविशंकर सिंह, आनंद प्रसाद जायसवाल, पदमसिंह चंदेल, श्रीकांत बुधिया, राधेश्याम बंसल, दीपक अग्रवाल, दिनेश राठौर, अरविन्द साहू, शिव अग्रवाल (मॉडर्न), अशोक जायसवाल, आर.के. सिंह, एमजेएफ राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), राजकुमार अग्रवाल (उत्सव), एमजेएफ रोहित राजवाड़े, एमजेएफ अशोक मोदी, नन्दकिशोर अग्रवाल, संतोष खरे, सुभाष अग्रवाल (आर पी), बृजमोहन शर्मा, मनमोहन यादव, संतोष राठौर, पुरषोत्तम अग्रवाल, राजेन्द्र डागा, कामायनी दुबे, ममता वासन, मीना सिंह, आकाष अग्रवाल, जसपाल सिंह, योगेश दूबे, मंजू देवी शर्मा, भगवती गोयनका, मीना अग्रवाल, लायन कांता अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

दो करोड़ की सड़क महीने भर में उखड़ी, कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



झाड़ू लगाकर प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

रातखार में करीब दो करोड़ रुपये की लागत से कराए जा रहे सीसी रोड निर्माण की गुणवत्ता को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सड़क निर्माण में कथित अनियमितताओं, नाली का निर्माण नहीं होने और सड़क की चौड़ाई कम किए जाने का आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार सुबह विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश राठौर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता महापौर के आवास के सामने पहुंचे और सड़क पर झाड़ू लगाकर निर्माण कार्यों के प्रति नाराजगी जताई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने आरोप लगाया कि रातखार में लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से बन रही सीसी रोड का करीब 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है। उनके मुताबिक, सड़क बनने के एक महीने के भीतर ही गिट्टियां बाहर निकलने लगी हैं। उन्होंने निर्माण कार्य की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि सड़क कहीं ऊंची तो कहीं नीची बनाई जा रही है, जिससे गुणवत्ता और तकनीकी मापदंडों के पालन पर संदेह पैदा हो रहा है। मुकेश राठौर ने आरोप लगाया कि नगर निगम ने ऐसे ठेकेदार को रातखार में निर्माण कार्य सौंपा है, जिसे ब्लैकलिस्टेड बताया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि ठेकेदार की स्थिति ऐसी है, तो उसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्य कैसे सौंपा गया? कांग्रेस ने इस मामले में ठेकेदार की पात्रता, कार्यादेश और निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि सड़क निर्माण के साथ आवश्यक नाली का काम नहीं कराया जा रहा है। इसके अलावा सड़क की चौड़ाई भी कम किए जाने का आरोप लगाया गया है। कांग्रेस ने कहा कि सड़क और नाली का निर्माण निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप होना चाहिए, ताकि बारिश के दौरान जलनिकासी की समस्या न हो और सड़क लंबे समय तक टिकाऊ बनी रहे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निर्माण कार्यों में कथित लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए नगर निगम से जवाब मांगा।

पितृ पक्ष पर मानव सेवा मिशन ने वृद्धजनों को कराया भोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानव सेवा मिशन बालको संयंत्र में कार्य करने वाले युवाओं की एक समाजसेवी संस्था है, जो पिछले कई वर्षों से जरूरतमंद लोगों, निर्धन विद्यार्थियों एवं बेजुबान पशु-पक्षियों की सहायता के लिए निरंतर सेवा कार्य कर रही है।

पितृ पक्ष के पावन अवसर पर मानव सेवा मिशन द्वारा प्रशांति वृद्धा आश्रम में निवासरत वृद्धजनों के लिए भोजन सेवा का आयोजन किया गया। यह सेवा सीमा अमित स्वर्णकार के सौजन्य से संपन्न हुई। इस दौरान मिशन के सदस्यों ने वृद्धजनों के साथ समय बिताया और उन्हें भोजन परोसा। इस अवसर पर बालको हॉस्पिटल में कार्यरत अरुण तिवारी की ओर से प्रशांति वृद्धा आश्रम को एक व्हीलचेयर भी भेंट की गई। व्हीलचेयर मिलने से आश्रम के वृद्धजनों को काफी सुविधा मिलेगी। वृद्धजनों ने मानव सेवा मिशन के सदस्यों के इस सेवा भाव की सराहना करते हुए उन्हें स्नेह एवं आशीर्वाद प्रदान किया। वृद्धजनों के साथ कुछ पल बिताना और उनका आशीर्वाद प्राप्त करना उपस्थित सभी सदस्यों के लिए भावुक एवं सुखद अनुभव रहा। मानव सेवा मिशन द्वारा लगातार प्रशांति वृद्धा आश्रम, अपना घर सेवा आश्रम, बरपाली स्थित अनाथ आश्रम, कन्या आश्रम एवं जिला चिकित्सालय में भोजन सेवा के साथ-साथ जरूरतमंदों को सूखा राशन एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा मिशन द्वारा जरूरतमंद परिवारों, निर्धन एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों तथा बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए भी निरंतर सेवा कार्य किए जा रहे हैं।

सेंद्रीपाली में नुक्कड़ नाटक से दिया राष्ट्रसेवा और सामाजिक जागरूकता का संदेश

कोरबा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेन्द्रीपाली, विकासखंड करतला में विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सेन्द्रीपाली की छात्राओं द्वारा 'नमो वीर गाथा 2026' नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। छात्राओं ने अपने अभिनय और संवादों के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ राष्ट्रहित एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजन-अर्चन एवं छात्राओं के स्वागत गीत से हुआ। विद्यालय के प्राचार्य श्री जे. आर. अजगल्ले ने स्वागत उद्बोधन के माध्यम से अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय का स्वागत किया। नुक्कड़ नाटक में नशामुक्ति, शिक्षा, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। छात्राओं ने युवाओं से अपनी शारीरिक एवं मानसिक ऊर्जा का सदुपयोग राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में करने का आह्वान किया। उन्होंने नशे से दूर रहने, समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा पहुंचाने, 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधारोपण करने तथा स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया।







न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बालक राम पिता हिरदेराम जाति घसिया निवासी ग्राम पड़निया तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पड़निया तहसील दीपका खातेदार बालक राम पिता हिरदेराम के नाम पर स्थित भूमि खसरा नं. 426/1, 785/3 रकबा क्रमशः 0.012 हे. 0.069 हे. कुल रकबा 0.081 हे. भूमि स्थित है उक्त भूमि का एस.ई.सी.एल कुसमुण्डा क्षेत्र के द्वारा अर्जित कर लिया गया है। उक्त भूमि का ख.न. 785/3, रकबा 0.069 हे. भूमि राजस्व अभिलेख 2005-06 में त्रुटिवश श्याम लाल पिता वल्द पुनीराम के नाम पर दर्ज हो गया है। तथा भूमिख.न. 785/3. रकबा 0.069 हे. भूमि त्रुटिवश वर्तमान बी-1 पी2 में संतराम पिता भैयाराम के नाम पर दर्ज हो गया है। उक्त भूमि की राजस्व अभिलेख की दुरूस्ती करवाने हेतु बाबत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 16/10/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 30/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी. किया गया।

तहसीलदार
दीपका
जिला कोरबा (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार हरदीबाजार, जिला-कोरबा (छ.ग.)

// सूचना-पत्र //

क्रमांक/765/ना.तह./वाचक/2026
हरदीबाजार, दिनांक 7/10/2026
ग्राम लिटियाखार, प.ह.नं. 05
तहसील हरदीबाजार, जिला-कोरबा (छ.ग.)

पक्षकार : लक्ष्मीनारायण पिता स्व. सुकनाथ एवं 10 अन्य विरुद्ध केशव कुमार पिता हरीनाथ एवं 01 अन्य

प्रति,
केशव कुमार पिता हरीनाथ
जाति-गौड़, निवासी-ग्राम लिटियाखार
तहसील-हरदीबाजार, जिला-कोरबा (छ.ग.)

-::00::-

आवेदक लक्ष्मीनारायण पिता स्व. सुकनाथ, जाति-गौड़, निवासी-ग्राम लिटियाखार, तहसील-हरदीबाजार, जिला-कोरबा (छ.ग.) एवं 10 अन्य के द्वारा आवेदकगण का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। आवेदकगण ने अपने आवेदन पत्र में उल्लेखित किया है कि ग्राम-लिटियाखार, प.ह.नं.-05 में स्थित भूमि ख.नं. 348/3, 355/1, 355/3, 356/2, 358/2, 397/2, 398/1, 441/2, 447/2, 452/2, 452/4, 484/2, 507/2 रकबा क्रमशः 0.121, 0.324, 0.081, 0.170, 0.045, 0.649, 0.081, 0.093, 0.235, 0.029, 0.121, 00.069, 0.045 हे. कुल ख.नं. 13 कुल रकबा योग 2.083 हे. आवेदकगण एवं अनावेदक केशव कुमार पिता हरीनाथ, जाति-गौड़, निवासी-ग्राम लिटियाखार, तहसील-हरदीबाजार, जिला-कोरबा (छ.ग.) की पैतृक संपत्ति है। वर्ष 2012-13 के बी-1 व खसरा पांचसाला में आवेदकगण का नाम दर्ज है, किन्तु वर्तमान कम्प्यूटर अभिलेख में विलोपित है। सुकनाथ पिता तनसाय की मृत्यु दिनांक 30/11/2021 को हो चुका है। लच्छन कुंवर बेवा हरिनाथ की मृत्यु दिनांक 19/11/2024 को हो चुका है तथा इनके वारिसों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है। राम सिंह पिता तनसाय की मृत्यु दिनांक 16/06/2021 को हो चुका है तथा इनके वारिस भगवान सिंह पिता तनसाय, श्रीमती कलामति पति तनसाय हैं। इन्दल सिंह पिता विश्वनाथ की मृत्यु दिनांक 17/01/2023 को हो चुका है तथा उसकी पत्नी रिमा बाई की मृत्यु दिनांक 17/09/2022 को हो चुकी है तथा वे दोनों निःसंतान फौत हैं। श्रीमती तीज कुंवर बेवा विश्वनाथ की मृत्यु हो चुकी है। आवेदकगण के द्वारा मृत खातेदारों का नाम विलोपित कर उनके स्थान परउनके वारिसों का नाम दर्ज करते हुए वर्तमान राजस्व अभिलेख में दुरूस्त किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 28/10/2026 को दिन के 11:00 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार हरदीबाजार पर होगी।

अतः आप उक्त संबंध में स्वत्व से संबंधित दस्तावेज सहित नियत पेशी दिनांक 28/10/2026 को समय प्रातः 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित रहने की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 07/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के सील व मुहर लगाकर जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
कटघोरा
जिला कोरबा (छ.ग.)

खबर संक्षेप



अवैध शराब परिवहन करते युवक गिरफ्तार

पाली। पाली थाना क्षेत्र में अवैध शराब के परिवहन पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से कच्ची महुआ शराब और देशी प्लेन मदिरा बरामद की गई है। पुलिस ने शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बड़ी मात्रा में कच्ची महुआ शराब एवं देशी प्लेन मदिरा लेकर दारू भट्ठी की ओर से दुमरकछार की तरफ जा रहा है। सूचना पर पाली पुलिस ने रंगीला पंजाब ढाबा चौकपारा मुनरेरा के पास नेशनल हाईवे पर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एमडी 1624 के चालक को रोककर चेक किया गया। जिसके कब्जे से 40 पाव वाली प्लास्टिक सीसी में भरी देशी प्लेन मदिरा सुपर के कुल 36 पाव, कुल 7.2 लीटर तथा 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया। पुलिस ने आरोपी मनमेंद्र उर्फ मनेन्दर पिता गुरदीप सिंह उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम नुनेरा गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

मतदाताओं के पंजीकरण के लिए 31 तक चलेगा विशेष अभियान

कोरबा। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में 5 से 31 अक्टूबर तक विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान प्रारंभ किया जा रहा हैं। इस सम्बन्ध में सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन तथा अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर के निर्देशन में जिले में मतदाता सूची से छूटे हुए सभी पात्र नागरिकों तथा पहली बार मतदाता बनने के लिए पात्र बने युवाओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान 5 से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इस विशेष पंजीकरण अभियान के अंतर्गत मतदाता पंजीकरण हेतु मतदाता सूची में वर्तमान में अपंजीकृत व्यक्ति या जिसका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया हो, ऐसा कोई भी व्यक्ति इस विशेष अभियान के दौरान पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकता हैं। ऐसे मतदाताओं का चिन्हांकन कर, उनके पंजीकरण का कार्य किया जाना हैं।

मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

कोरबा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2023 की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना के अन्तर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों को तात्कालिक सहायता प्रदान की जाती है, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों में प्रवेश प्राप्त किया है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एम्स, आइआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआईटी, आईआईआईटी आदि के माध्यम से पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर अध्ययन कर रहे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थी इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। कार्यालय में ऑफलाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

निगम को मिला फूड सेफ्टी हब का प्रमाण पत्र



कोरबा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार एवं भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के द्वारा ईट राईट स्ट्रीट फूड हब के तहत कोरबा को चटकारा चौपाटी कोरबा के तहत निगम को फूड सेफ्टी एण्ड स्टैण्डस अथारिटी आफ इंडिया द्वारा तय गाईडलाईन के अनुसार 31 मार्च 2026 से 30 मार्च 2028 तक की अवधि के लिये किया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के द्वारा प्रदत्त प्रमाण को शहर के प्रथम नागरिक व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत के हाथों नगर निगम के आयुक्त आशुतोष पाण्डेय को प्रदान किया गया है। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य अशोक चावलानी, पार्षद चन्द्रलोक सिंह, कार्यपालन अभियंता अखिलेश शुक्ला, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, सचिन तिवारी, संजय सिंह, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

रामपुर, उमरेली, जटगा और बंजारी मॉडल कॉलेज में नहीं बढ़ी दर्ज संख्या

जिले के चार महाविद्यालय पर मंडराया अन्य कॉलेज में मर्ज होने का संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण अंचलों में उच्च शिक्षा के विस्तार के लिए शुरु किए गए जिले के चार नवीन महाविद्यालयों में दर्ज संख्या 2 सौ से कम होने के कारण इनके अन्य समीप के कॉलेज में मर्ज किए जाने का संकट मंडराने लगा है। उच्च शिक्षा विभाग ने जिले के लीड कॉलेज से ऐसे कॉलेजों की जानकारी मांगी थी जिनकी दर्ज संख्या 2 सौ से कम है।

खास बात

- उच्च शिक्षा विभाग ने मानी थी दो सौ से कम दर्ज संख्या वाले कॉलेजों की जानकारी

करतला विकासखंड के अंतर्गत सबसे ज्यादा शासकीय महाविद्यालय संचालित है। इनमें करतला ब्लॉक मुख्यालय में संचालित शासकीय कॉलेज के अलावा रामपुर, उमरेली, जटगा नवीन महाविद्यालय तथा बंजारी मॉडल कॉलेज के अलावा बरपाली शासकीय कॉलेज है। इतनी अधिक कॉलेज एक ब्लॉक में संचालित नहीं है। उच्च शिक्षा विस्तार के लिए भले इन कॉलेजों का संचालन शुरु कर दिया गया है लेकिन इनकी दर्ज संख्या 2 सौ से कम बनी हुई है। ऐसे में उच्च शिक्षा विभाग के अलावा नई शिक्षा नीति के निर्देशों के परिपालन में लीड कॉलेज से जिस तरह की जानकारी मांगी गई है उससे जटगा, रामपुर, उमरेली और बंजारी मॉडल कॉलेज की दर्ज संख्या 2 सौ से कम होने के कारण इनके पास के ही अन्य शासकीय कॉलेज में मर्ज किए जाने का संकट मंडराने लगा है। बीते जून महीने में यह जानकारी मांगे जाने के बाद लीड कॉलेज पीजी महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा यह जानकारी भेज दी गई है। जिसके बाद आगे की कार्यवाही शासन के उपर निर्भर है। ग्रामीण अंचलों के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा का विस्तार करते हुए और सुविधा दिलाने हेतु बांकीमोंगरा में भी नवीन महाविद्यालय की शुरुआत की गई थी लेकिन यहां दर्ज संख्या लगभग 2 सौ पहुंच गई है। इन चार कॉलेजों में छात्रों की सबसे कम दर्ज संख्या बंजारे मॉडल कॉलेज में है। उच्च शिक्षा विभाग के लिए सफेद हाथी साबित हो रहे इस महाविद्यालय में तीनों सत्र मिलाकर छात्रों की दर्ज संख्या 50 भी नहीं पहुंची है।



इस फार्मेट में मांगी गई थी जानकारी

उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा 12 बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई थी। जिनमें महाविद्यालय के नाम, खुलने का वर्ष, शासन से जमीन मिली या नहीं। महाविद्यालय के पास शासन का भवन, भवन निर्माण का वर्ष एवं महाविद्यालय के 15 किमी के दायरे में आने वाले शासकीय महाविद्यालय के नाम व दूरी तथा महाविद्यालय में संचालित संकाय एवं वर्ष 2022-23 से लेकर वर्ष 2025-26 तक छात्रों की दर्ज संख्या शामिल है। इनके अलावा महाविद्यालय में कार्यरत सहायक प्राध्यापक की संख्या भी मांगी गई है।

गेस्ट फैकल्टी के भरोसे महाविद्यालय

नियमित प्राध्यापकों की भर्ती नहीं होने के कारण कॉलेजों में गेस्ट फैकल्टी की भी भर्ती की गई है। इनमें सभी नवीन महाविद्यालय शामिल है। जहां छात्रों को गेस्ट फैकल्टी के भरोसे अध्यापन कार्य कराया जा रहा है। इन कॉलेजों में मॉडल कॉलेज बंजारी एक ऐसा कॉलेज है जिसमें बीएससी संकाय में एक भी छात्र प्रवेश नहीं लिये हैं। ऐसी स्थिति में गेस्ट फैकल्टी इस संकाय के यहां नहीं रखे गए हैं। पिछले पांच साल से मॉडल कॉलेज का संचालन जिले में किया जा रहा है। वर्तमान में बरपाली महाविद्यालय में अस्थायी तौर पर संचालित है।

घर में लाखों का पटाखा किया था भंडारित, पुलिस ने मारा छापा



जब्त पटाखा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में थाना क्षेत्रों में लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस को अवैध पटाखों के भंडारण एवं बिक्री के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम द्वारा सिंधी मोहल्ला पुरानी बस्ती निवासी बलराम जज्ञासी पिता रमेश कुमार उम्र 42 वर्ष के मकान के पास बने गोदाम में दबिश दी गई। तलाशी के दौरान आरोपी द्वारा बिक्री के उद्देश्य से अवैध रूप से भंडारित विभिन्न कंपनियों के पटाखे बरामद किए गए। पुलिस द्वारा मौके से लगभग 2 लाख कीमत के 18 नग कार्टून विभिन्न प्रकार के पटाखे जप्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध धारा 9(ख) विस्फोटक अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई।

बालको जोन में लगेगा सेवा सेतु शिविर आज

कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा 10 अक्टूबर को बालको जोन में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इसका उद्देश्य नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं और सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ उनकी समस्याओं एवं आवेदनों के निराकरण में सहायता करना है।

एन.आई. एक्ट प्रकरणों के निराकरण हेतु फाइनेंस कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक



बैठक में उपस्थित कंपनी के अधिकारी व विधिक सेवा प्रकोष्ठ के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आगामी विशेष लोक अदालत में परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 (एन.आई.एक्ट) से संबंधित प्रकरणों के अधिकाधिक निराकरण के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोरबा द्वारा श्रीराम फाईनेंस कंपनी, चोलामण्डलम फाईनेंस कंपनी एवं जिला अन्तव्य साई अधिकारी समिति के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में न्यायाधीशगण की कमेटी द्वारा फाइनेंस कंपनियों के प्रतिनिधियों को विशेष लोक अदालत के माध्यम से लंबित धारा 138 एन.आई. एक्ट के प्रकरणों का आपसी सहमति एवं सुलह-समझौते के आधार पर निराकरण किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में फाइनेंस कंपनियों से संबंधित लंबित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की गई तथा प्रकरणों में पक्षकारों के मध्य समझौते की संभावनाओं पर चर्चा की गई कि 21 नवंबर को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत में धारा 138 एन.आई. एक्ट से संबंधित सूची यथाशीध्र प्रस्तुत करें जिससे प्रकरणों का आपसी सहमति एवं समझौते के माध्यम से निराकरण करने का प्रयास किया जा सके। न्यायाधीशगण द्वारा उपस्थित अधिकारियों से अपील किया गया कि 21 नवंबर को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत में धारा 138 एन.आई. एक्ट से संबंधित सूची यथाशीध्र प्रस्तुत करें जिससे प्रकरणों का आपसी सहमति एवं समझौते के माध्यम से निराकरण करने का प्रयास किया जा सके एवं प्री-लिटिगेशन संबंधित प्रकरण इस माह की अंतिम तारीख तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा में प्रस्तुत करें। इस अवसर पर न्यायाधीशगण, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा तथा विभिन्न फाइनेंस कंपनियों के अधिकारी/अधिवक्तागण उपस्थित रहे। विशेष लोक अदालत के माध्यम से अधिकाधिक प्रकरणों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

पिंजड़े में घुसकर सांप ने कबूतरों को बनाया शिकार



कोरबा। रिस्दी क्षेत्र में रहने वाले डेविड के घर उस वक्त हड़कंप मच गया जब घर में बने कबूतरों के पिंजड़े में दो बड़े सांप दिखाई दिया, सांप ने पिंजड़े के अंदर एक कबूतर का शिकार कर लिया, जिसके बाद वहां मौजूद अन्य कबूतर घबराकर इधर-उधर भागने लगे, वहीं पास में बंधे कुत्ते भी सांप को देखकर लगातार भौंकने लगे, जिससे परिवार के लोगों को किसी अनहोनी की आशंका हुई। पिंजड़े में सांप दिखाई देने पर तत्काल इसकी सूचना रेस्क्यु टीम दी गई, सूचना मिलने ही जितेंद्र सारथी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेते हुए सांप का सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया। परिवार के अनुसार, पिंजड़े के आसपास दो सांप देखे गए थे, लेकिन रेस्क्यू के दौरान केवल एक सांप ही पकड़ा जा सका, दूसरा सांप पिंजड़े के पीछे बने किसी छेद या स्थान में छिपा होने की आशंका जताई जा रही है।

गरबा, डांडिया एवं दुर्गा पंडालों में सीसीटीवी महिला सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था हो पुख्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नवरात्रि पर्व के दौरान गरबा, डांडिया कार्यक्रमों एवं दुर्गा पूजा पंडालों में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजन समितियों की बैठक ली गई।

खास बात

- आयोजन समितियों की बैठक लेकर प्रशासन व पुलिस ने दिए निर्देश
- व्यवस्था पर खामी पर आयोजन की अनुमति होगी निरस्त

आयोजन समितियों को गरबा, डांडिया एवं दुर्गा पूजा कार्यक्रमों के लिए आवश्यक अनुमति प्राप्त करने तथा निर्धारित शर्तों का पालन करने के निर्देश दिए गए। सभी आयोजन स्थलों एवं दुर्गा पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा प्रवेश एवं निकास द्वारों सहित प्रमुख स्थानों पर निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया। महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, अग्नि सुरक्षा, प्राथमिक उपचार एवं आपातकालीन निकास की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, वाहनों के लिए निर्धारित पार्किंग की व्यवस्था करने एवं मुख्य मार्गों पर यातायात बाधित नहीं होने देने को कहा गया। आयोजन समितियों को साउंड सिस्टम एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित ध्वनि सीमा एवं समय-सीमा के अनुरूप करने के निर्देश दिए गए। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रखने के निर्देश दिए गए। विसर्जन निर्धारित मार्ग एवं समय-सीमा के अनुसार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने तथा किसी भी प्रकार का हुड़दंग, विवाद, अभद्र व्यवहार अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली गतिविधि नहीं होने देने के निर्देश दिए गए। नियमों एवं प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर एवं एडीएम देवेंद्र पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, एसडीएम सरोज महिलांगे एवं नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी उपस्थित रहे। बैठक में आयोजन समितियों को पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण एवं दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



समितियों की बैठक लेकर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी।

कोरबा एवं कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा एवं कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। हाथियों का झुंड खेतों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे ग्रामीण खासकर किसान काफी परेशान है। उनके द्वारा सुरक्षा की लगातार गुहार जिला प्रशासन व वन विभाग से लगाई जा रही है लेकिन न तो जिला प्रशासन ही इस ओर विशेष ध्यान दे रहा है और न ही वन विभाग। जिससे ग्रामीणों की समस्या कायम है और वे अपनी मेहनतों को अपने ही आंखों के सामने पानी फिरता देखने को मजबूर हैं। बताया जाता है कि कटघोरा वनमंडल के एतमानगर, जटगा व पसान रेंज में 57 की संख्या में हाथी पिछले कई महीनों से विचरण कर रहे हैं। हाथियों का झुंड पहले शांत था लेकिन जब से खेतों में फसल तैयार हुए हैं, हाथियों का उत्पात बढ़ गया है और वे शाम होने के बाद जंगल से निकलकर खेतों में पहुंचते हैं और वहां लगे फसलों को या तो चरकर चौपट कर देते हैं या पैरों से रौंदकर बर्बाद कर देते हैं।



फाइल फोटो

शिक्षकों की भर्ती के लिए वॉक-इन इंटरव्यू आज

कोरबा। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा दिशा प्रोजेक्ट के अंतर्गत अतिथि शिक्षकों के अस्थायी नियोजन के लिए 10 अक्टूबर को वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान, गणित, हिंदी और अंग्रेजी विषयों में एक-एक अतिथि शिक्षक का चयन किया जाएगा। इंटरव्यू के लिए पंजीयन सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। दोपहर 12 बजे के बाद साक्षात्कार लिया जाएगा।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

सेवा संकल्प अभियान शिविर आरएसएस नगर में संपन्न

स्टॉल लगाकर योजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ कोरबा जिले एवं नगर निगम क्षेत्र में भी सेवा संकल्प अभियान-अंतर्गत सेवा हेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। निगम क्षेत्र में पहला शिविर विगत 3 अक्टूबर को टी.पी.नगर जोन कार्यालय में, दूसरा शिविर 6 अक्टूबर को कोरबा जोन कार्यालय तथा तीसरा शिविर 8 अक्टूबर को कोसाबाड़ी जोन कार्यालय में आयोजित हुआ था, वहीं इस कड़ी में निगम के पं.रविशंकर शुक्ल नगर जोन कार्यालय परिसर में सेवा संकल्प अभियान-अंतर्गत सेवा हेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर को संबोधित करते महापौर व उपस्थित आयुक्त व सभापति।

आयोजन की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुये शिविर में लगाये गये जिले के विभिन्न विभागों व नगर निगम के विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। इस मौके पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, एमआईसी सदस्य नरेन्द्र देवांगन, धनकुमारी गर्ग, नारायण प्रसाद कुर्रे, वर्षा दिनेश वैष्णव, सुनीता चौहान, गोपाल कुर्रे, मुकेश राठौर, रवि सिंह चंदेल, बद्री किरण, सुखसागर निर्मलकर, सिमरनजीत कौर, एल्डरमेन वैशाली रत्नपारखी, दीपक यादव, पूर्व पार्षद सुशील गर्ग, दिनेश वैष्णव, शैलेन्द्र सिंह पप्पी आदि पार्षद व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। शिविर को संबोधित करते हुये महापौर ने कहा कि जब हमने निगम की कमान अपने हाथ में संभाली उस समय निगम के 67 वार्डो में समस्याएं व्याप्त थी, किन्तु हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के कुशल मार्गदर्शन से अब ये सभी समस्याएं क्रमशः दूर हो रही हैं।

